१ प्रस्तावना

ईश्वर ने हम लोगों को मस्तिष्क और बुध्दि दिया है, ताकि हम यह महत्वपूर्ण फैसला करें कि हम सृष्टी की उपासना करें या फिर सृष्टिकर्ता की उपासना करें। यह मानवीय जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इसी पर मानव का भविष्य निर्भर है। संक्षेप में यह है कि हम में से हर इन्सान को बिना उत्तेजना के, प्रस्तुत किये गये सुबूत में विचार करना चाहिए। और सही अनुभव होने वाली राह अपनानी चाहिए जब तक कि कोई और सुबूत सामने न आए।

आदि से अनंत तक सृष्टिकर्ता एक ही है। इसके अन्दर कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह पुस्तक इस दावा के सही होने के कुछ प्रमाण प्रस्तुत करती है। यद्यपि यह बात हमारे मस्तिष्क में होनी चाहिए कोई भी भावनाओं और कट्टर्टता से अलग होकर सत्य मार्ग का निर्णय कर सकता है। साधारणतया हमें वास्तविकता से यही चीज़ें अन्धा कर देती है। केवल उस बुध्दि का सही प्रयोग करके जो हमें ईश्वर ने दी हैं इसका सही फैसला कर सकते हैं।

२ सभी के लिए उपयोगी संदेश

प्रिय बंधुओ, क्या आपने एक क्षण के लिए भी सोचा है की सम्पूर्ण संसार में तीव्र गती से भौतिकवाद की उन्नति हो रही है, हर वस्तु में नयापन आ रहा है कम्प्यूटर ने हर वस्तु को अपने अन्दर शामिल कर लिया है। भूमि पर खड़ा मानव चन्द्रमाँ पर अपनी दृष्टि जमाए रखता था अब वह उस पर अपना चरण भी रख चुका है। इसने बहुत सफलता प्राप्त की परन्तु अधिकाधिक लाचार होता जा रहा है। मानव, मानव का शत्रु हो चुका है। हर तरह के जानवरों वाला कार्य कर रहा है। हर प्रकार की सामाजिक बुराई का शिकार हो रहा है। इसका परिणाम यह है की समाज में बुराई फैल रही है। एक ऐसी परिस्थिति पैदा कर दी गई है जिसमें नैतिकता, व्यवहार, पुण्य और पाप आदि का कोई महत्व नहीं है।

कुछ ठहरिए, आप आसपास की वस्तुओं में घोर विचार कीजिए। अपने चारों ओर वातावरण को ध्यान से देखिए। सूर्य, चन्द्रमा, सितारे, आकाश, ग्रह वृक्ष पहाड़ इत्यादि सब के सब ईश्वर की आज्ञा को पालन करते हैं। इस प्रकिया में कोई भी मन माना काम नहीं करता है। क्यों कि वे सृष्टिकर्ता के इच्छा का अनुसरण करते हैं। वे उन प्राकृतिक नियमों का पालन करते हैं, जिसको ईश्वर ने उसके लिए लागू किया है। हम सभी लोगों का सृष्टिकर्ता एक है। वह पानी जो हमारी प्यास को बुझाता है। वह भोजन जो हमारी भूक को मिटाता है, वह हवा जिससे हम साँस लेते हैं और वह रक्त जो हमारे नाड़ियों में बहता है। सब के सब हम सभी लोगों में समान हैं। एक ही सृष्टिकर्ता है जिसने आकाशीय और एक खगौलीय पिण्ड़ बनाई है।

जब हम सभी लोगों का ईश्वर एक ही है, तो प्रश्न उठता है कि लोग ईश्वर के संबंध में क्यों विभिन्न प्रकार की धारणा रखते हैं? क्यों लोग ईश्वर की खोज में इधर उधर दौड़ते फिरते हैं। जबकि वह अपने खास गुणों के साथ हमारे समक्ष स्पष्ठ है। इन प्रश्नों का उत्तर यह है कि मानव अज्ञानी हो चुका है। और वह एक सैध्दान्तिक संसार में भिन्न, भिन्न विचार धाराओं के साथ है।

एक और चीज़————क्या आप जानते हैं कि एक नवजात शिशु क्या करता है जब वह अपने माँ के गर्भ से बाहर निकलता है?

क्या वह रोता है?

क्या वह दूध पीता है?

नहीं, वह साँस लेता है जिसके बग़ैर कोई जीवित ही नहीं रह सकता है। क्या आप जानते हैं? किसने साँस लेने की आज्ञा और उसको शक्ति दी? वह सर्वशक्तिमान ईश्वर के सिवा कोई नहीं है। उसी ईश्वर ने सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड़ की रचना की है। वही है जिसने एक शिशु को जीवन दिया है। वही है जो एक शिशु को श्वास लेने की शक्ति प्रदान करता है, जिसके बग़ैर शिशु जीवित नहीं रह सकता है। क्योंकि श्वास उन महत्वपूर्ण प्रकियाओं में से एक है जिसे हर मानव और हर जन्तू के लिये अनिवार्य। श्वास किया के बग़ैर प्राणी जीवनविहीन हो जाएगा।

बग़ैर जाने हुए तथा बग़ैर अनुभव किए हुए हर मानव हर पल साँस ले रहा है और छोड़ रहा है। ऑक्सीजन के लेने तथा कार्बन ड़ाइऑक्साइड के छोड़ने की प्रकिया न ही हमारे इच्छा से होती है और न ही हमारे आज्ञा से होती है। यह ईश्वर की आज्ञा के अनुसार है। जीवन तथा मृत्यु उसी के हाथ में है।

हमारे हाथ में कुछ नहीं है। सितारों के समूह में से प्रत्येक तथा ब्रह्माण्ड उसी की इच्छा और आज्ञानुसार चलता है।

जब सृष्टिकर्ता ने हमें जीवन प्रदान किया है और हमें जीवित रखने के लिए हर चीज़ दी हैं, फिर हम क्यों उसके कृतज्ञा और आज्ञाकारी नहीं होते हैं? सर्वशक्तिमान के आभारी होने के लिए सर्वप्रथम हमें उसकी सर्वशक्तिमानता और उसकी उच्च और अनंत शक्ति को स्वीकार करने की आवश्यकता है। फिर हमें उसकी उचित और शुद्ध ज्ञान को पहचानने की आवश्यकता है। इसी कारण ई श्वर के संबंध में सही धारणा वही है जिसका वर्णन बहुत सारी धार्मिक और आकाशीय ग्रंथ में है। ईश्वर के संबंध में से कोई उसका साथी नहीं है। सभी आकाशीय ग्रंथ मानव के लिए पृथ्वी की सतह पर अवतरित हुए साफ-साफ इसी बात को कह रहा है। यहाँ तक कि वेदों में वर्णित है।

एकम ब्रह्म द्वतीय नास्ते नेहना नास्ते किंचन।

अर्थ: केवल एक ईश्वर है, दूसरा नहीं है बिल्कुल नहीं है। कदापि नहीं है बिल्कुल है ही नहीं।

इस प्रकार हिन्दुत्व का यह **ब्रह्मसूत्र ईश्वर** के धारणा के संबंध में बिल्कुल सत्यता को साफ-साफ प्रकट करता है। उपरोक्त श्लोक की गवाही उपनिषद से लिया गया निम्नलिखित श्लोक भी देता है।

एकम एवद्वितियम।

अर्थ: वह सिर्फ एक है दूसरा कोई नहीं।

छान्दोग्य उपनिषद् 6:2:1

उपनिषद के दूसरे श्लोक में कहा गया:

न चास्य कश्चिज्जनिता न चधिपः

उसका न कोई पिता है और न ही स्वामी।

(स्वेतास्वत्र उपनिषद् 6:9/ यजुर्वेद् 32:3)

सर्वशक्तिमान ईश्वर के एक होने की गवाही उपनिषद का एक और श्लोक इस प्रकार देता है।

न तस्य प्रतिमः आस्तिः

अर्थः उसकी कोई आकृति (रूप) नहीं।

(स्वेतास्वत्र उपनिषद् 4:19)

बाईबल में भी एक ईश्वराद के कुछ अंश मिलते हैं। बाईबल जबकि अपनी असली हालत में नहीं है।

तुम ज़मीन में किसी को अपना बाप न कहो,
(ईश्वर) तुम्हारा एक ही बाप है, जो परलोक में रहता हैं।

(मताई 23:9)

एक और स्थान पर उल्लेख हैं।

हे मानव, तुम ईश्वर को मानने के लिये कौनस उदाहरण मानोगे और किसके बराबर। (बाईबल ऐशिया 40:18)

एक और उदाहरण बाईबल में मिलता है कि ईश्वर के बारे मे सोचना मनुष्य की कल्पना से परे है, कि ईश्वर का रूप कैसा है, इसका स्वरूप कैसा है।

मनुष्य न ही ईश्वर की आवाज़ सुनी है और न ही उसे देखा है।

(बाईबल युहन्ना 5:37)

ईश्वर द्वारा अवतरित अंतिम ग्रंथ पवित्र क़ुरआन भी सामान्य शब्दों में इस सत्य के अवधारण को प्रकट करता है।

कहो, वह अल्लाह यकता है। अल्लाह निरपेक्ष (और सर्वाधार) है। न वह जनता है और न जन्या गया है। और न कोई उसका समकक्ष है।

(पवित्र क़ुरआन 112 श्लोक 1-4)

इस प्रकार हमें इस नतीजे पर पहुँचना है कि उस एक ईश्वर के सिवा कोई ईश्वर नहीं है। हम उस अकेले ईश्वर के आज्ञाकारी हैं। कोई भी वस्तू उसके सिवा उपासना के योग्य नहीं है। अगर कोई उस परमेश्वर के सिवा किसी की उपासना करता है तो वह अंधकार में है और सत्य मार्ग से भटका हुआ है।

वेदों में कहा गया है कि जो मनुष्य प्राकृतिक वस्तुओं की पूजा करता है, वह सत्य मार्ग से भटका हुआ है। यजुर्वेद का निम्नलिखित श्लोक स्पष्ठ रूप से उन लोगों के संबंध में है जो ईश्वर के सिवा पृथ्वी पर प्राकृतिक वस्तुओं की उपासना करते हैं।

अन्धात्मा प्रविशंति ये असंभूति मुपस्ते

वे अंधकार में प्रवेश करते हैं जो प्राकृतिक तत्वों (वायु, अग्नि इत्यादी) की उपासना करते हैं। वह अत्याधिक अंधेरे में डूब जाते हैं जो सम्भूती की उपासना करते हैं।

यजुर्वेद के इसी श्लोक में कहा गया।

वह अंधकार के घेरे में हैं। दूसरे शब्दों में अज्ञानता के ढ़लान में है और अज्ञानता की अत्याधिक गहराइयों में डूबे हुये हैं जो अनिर्मित और अनंत प्रकृति (संसार का भौतिक कारण) की सर्वस्व ईश्वर के स्थान पर उपासना करते हैं। लेकिन जो प्रकृति की पैदा की गयी सहदृश्य वस्तुओं जैसे पृश्वी, वृक्ष, शरीर (मानव और उस जैसे) की ईश्वर के स्थान पर उपासना करते हैं। वह और अधिक अंधकार में लिपटे हुए हैं। दूसरे शब्दों में वह अत्यंत मूर्ख और भयंकर नर्क के दर्द और दुखों में और बहुत लम्बे समय तक कठोरता से पीड़ित होंगे। (यजुर्वेद 40:9)

पृथ्वी पर अवतरित अंतिम संदेश पवित्र क़ुरआन भी इस बात को साफ-साफ इस प्रकार स्पष्ठ करता है।

वह जिसका राज्य है आकाशों और धरती पर और उसने न तो किसी को अपना बेटा बनाया और न राज्य में उसका कोई साझी है। उसने हर चीज़

को पैदा किया, फिर उसे ठीक अन्दाज़े पर रखा।

(पवित्र क़ुरआन 25:2)

देवता के संबंध में सही धारणा से दूसरे श्लोक में इस प्रकार सतर्क किया गया।

फिर भी उन्होंने उससे हटकर ऐसे इष्ट-पूज्य बना लिए जो किसी चीज़ को पैदा नहीं करते, बल्कि वह स्वयं पैदा किए जाते हैं। उन्हें न तो अपनी हानि का अधिकार प्राप्त है और न लाभ का। और न उन्हें मृत्यु का अधिकार प्राप्त है और न जीवन का और न दोबारा जीवित होकर उठने का। (पवित्र क़ुरआन 25:3)

और पवित्र क़ुरआन के दूसरे श्लोकों में सर्वशक्तिमान ईश्वर के गुणों का वर्णन किया गया है और साफ तौर पर यह कहा गया है कि वह यकता है सिर्फ वही उपासना के योग्य है।

अल्लाह कि जिसके सिवा कोई पूज्य-प्रभु नहीं, वह जीवन्त-सत्ता है, सबको सँभालने और क़ायम रखने वाला है। उसे न ऊँघ लगती है न नींद। उसी का है जो कुछ आकाशों में है और जो कुछ धरती में है। कौन है जो उसके यहाँ उसकी अनुमति के बिना सिफ़ारिश कर सके? वह जानता है जो कुछ उनके आगे है और जो कुछ उनके पीछे है। और वे उसके ज्ञान में से किसी चीज़ पर हावी नहीं हो सकते, सिवाय उसके जो उसने चाहा। उसकी कुर्सी (प्रभुता) आकाशों और धरती को व्याप्त है और उनकी सुरक्षा उसके लिए तनिक भी भारी नहीं है। और वह उच्च, महान है। (पवित्र क़ुरआन 2:255)

अल्लाह ही है जिसने आकाशों और धरती को और जो कुछ दोनों के बीच है छह दिनों में पैदा किया। फिर सिंहासन पर विराजमान हुआ। उससे हटकर न तो तुम्हारा कोई संरक्षक मित्र है और न उसके मुकाबले

में कोई सिफारिश करनेवाला। फिर क्या तुम होश में न आओगे?

(पवित्र क़ुरआन 32:4)

थोड़ी देर इस पर विचार किजिए,

वह वही है जो हमें खिलाता है, और वह वही है जो हमें हर वह चीज़ देता है जो हमारे लिए पृथ्वी पर जीवित रहने के लिए आवश्यक है। न ही वह प्यास का अनुभव करता है और न उसको भूख लगती है। उसे अपने जीवित रहने के लिए भोजन की आवश्यकता नहीं है।

साधारण लोग ईश्वर के समक्ष भोजन उपस्थित करते है, और वह विचार करते हैं कि यह (भोजन) स्वीकार कर लिया जाएगा और उनकी कामना पूरी हो जाएगी। बल्कि सत्यता यह है कि न ही वे (मूर्तियाँ) उसको खाते हैं और न ही सूँघते हैं।

मानव जाति के सत्य मार्ग दर्शन के लिए पवित्र ग्रंथ है। वह इन चीज़ों के करने की अनुमति नहीं देता है, और वह बतलाता है कि मानव को केवल एक सत्य ईश्वर की उपासना करनी चाहिए। उसी की बात माननी चाहिए। जबकि लोग हम जैसे लोगों के विचार की ओर आकर्षित होते हैं। अतः वह गलत मार्ग पर हैं। इस प्रकार वह बहुत सी बनावटी बात और खयाल के चक्कर में पड़ जाते हैं।

पवित्र ग्रंथ पृथ्वी पर समय-समय पर अवतरित होता रहा ताकि सत्य मार्ग की ओर लोगों का मार्ग दर्शन हो जाए और मानव एक सत्य जीवन व्यतीत कर सके। पैग़म्बरों ने पवित्र ग्रंथ में उल्लेखित संदेशों को पृथ्वी पर पहुँचाया। उन्होने जीवन की सत्यता का ज्ञान दिया। वह लोग जिन्होने उस शिक्षा का अनुसरण किया जो पवित्र ग्रंथ के अनुसार है, वह दोनों संसार में सफल हो जायेंगे। इस

प्रकार, सही मार्ग का अनुसरण करने में हमारे लिए इस संसार तथा इस संसार के बाद परलोक दोनों में मोक्ष की प्राप्ति है।

क्या हमें पवित्र ग्रंथ के अनुसार जीवन व्यतीत नहीं करनी चाहिए और इसका अनुसरण नहीं करना चाहिए?

हम दैनिक प्रयोग में आने वाली वस्तुओं में बहुत ग़ौर व फिक्र करते हैं। किसी संसारिक निर्णय करने से पहले हम दो से तीन बार विचार करते हैं। जो उस संबंध में निपुण होता है उससे राय लेते हैं। हम इधर–उधर इस संबंध में भटकते हैं। इन चीज़ों में हम अत्याधिक जागरुक होते हैं। हमारा दुर्भाग्य है कि हम उस अनंत जीवन को इतनी महत्वता नहीं देते हैं। जो वास्तविक जीवन है, असिमित और अनंत समय का है और इस संसार के बाद है। जिसका वर्णन सभी आकाशीय ग्रथों में है।

सर्वशक्तिमान ईश्वर ने हमें बुद्धि और जागरुकता इन चीजों पर विचार करने के लिए दी है। उसने इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की रचना की है। और हमें पृथ्वी पर परीक्षा के लिए भेजा है।

उन प्राकृतिक नियमों पर विचार करें जो ब्रम्हाण्ड को घेरे हुए है। जिसको ईश्वर ने बनाया है। पृथ्वी और चन्द्रमा के बनन के दिन से ही सूर्य नियमित रूप से बगैर किसी अन्तराल के उदय हो रहा है। कभी भी अपना मार्ग नहीं भूलता है और न ही पूरब से निकल कर पश्चिम में डूबने के कार्य में सुस्ती करता है। इसी तरह सभी खगोलिय पिंड पाबन्द हैं। और उसी नियम का अनुसरण करते हैं जिसको ईश्वर ने हम सबके लिए बनाया है।

प्रिय मित्रों

थोड़ा विचार करतें हैं (कि मनुष्य किस प्रकार जन्म लेता, किस तरह से

वह जवान होता है, और किस प्रकार वह मृत्यु की ओर यात्रा करते हुये उसकी गोद में समा जाता है। हमें थोड़ा विचार ब्रह्माण्ड की रचना के बारें में भी करना चाहिये कि ईश्वर ने वायु, जल, अग्नि, धरती, आकाश, सुर्य, चंद्र, सितारे, ये सब किस प्रकार से ब्रह्माण्ड की शोभा, मनुष्यों की आवश्यकतानुसार बनाया गया है। हमे इन बातो को दो दिशाओं से विचार करना होगा,

१) समय

थोड़ा पिछले कुछ १00 साल पहले जाकर या १000 साल या फिर १,00,000 साल, निर्मान के प्रारंभ के स्थिति की समीक्षा कीजिए।

२) स्थान

प्राँत के हिसाब से, देशो के हिसाब से विचार करो, जैसे इंड़िया, नेपाल, अमेरिका, ब्रिटेन आदि।

- परन्तु आदि काल से अब तक, मनुष्य के जन्म लेने के जो सिद्धाँत है, क्या वो बदला है?
- स्थानों के अनुसार मनुष्य के जन्म लेने के जो सिद्धाँत हैं, क्या कोई परिवर्तन आया है?

क्या जवाब देंगे?

हाँ या ना?

ज़रूर आपका उत्तर ना ही होगा। क्योंकि इंसान के जन्म की प्रकिया स्थान और समय से परे है और किसी भी समय में वही हैं।

शिशु जब माँ के गर्भ में होता है, तो उसका विकास समय के अनुसार होता रहता है। तो एक सवाल यहाँ पैदा होता है, कि उस शिशु के विकास में किसका योगदान है, माँ बाप का? या विज्ञान का? या डाक्टर का? या फिर सिर्फ और सिर्फ एक ईश्वर का? उत्तर के लिये विचार कीजिये॥॥॥ जवाब आपको मिल जाएगा, कि जिस अवस्था में शिशु गर्भ में होता है, वहाँ उसके

विकास के लिये न तो विज्ञान की पहुँच है न ही डाक्टर की और न ही शिशु के स्वयं माता-पिता की।

एक इंसान माँ के गर्भ से निकलते ही, शिशु का शरीर अपने आंतरिक अंगों के साथ बढ़ना प्रारंभ हो जाता है। यहाँ कुछ सवाल उठते हैः

- ऊपर कहा गये समय अवधि के अनुसार क्या हवा, पानी, आग आदि के विशेषताओं में कोई परिवर्तन हैं?
- ऊपर कहा गये स्थानों के अनुसार क्या हवा, पानी, आग आदि के विशेषताओं में कोई अंतर हैं?

क्या जवाब देंगे?

हाँ या ना?

ज़रूर आपका उत्तर ना ही होगा। क्योंकि हवा, पानी और आग का उपयोग किसी भी समय अवधि और किसी भी स्थान में हमेशा एक ही हैं। सूर्य नहीं बदला। इसका मतलब है

१) सूरज और धरती के बीच का फासला नहीं बदला।

२) धरती सूर्य के निरंतर चक्कर लगाना नहीं बदला। ये चाँद पर भी लागू होता है। इसका मतलब चाँद के धरती के चारों ओर घूमने में कोई परिवर्तन नहीं हैं और ना ही धरती के सूर्य के चारों ओर घूमनें में कोई परिवर्तन हैं। इसके अलावा, सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण के गठन बंद नही हुआ।

- किसी भी युग में, क्या इन चीज़ो में कोई परिवर्तन हुआ हैं?
- स्थान के अनुसार, क्या इन चीज़ो में कोई परिवर्तन हुआ हैं?

क्या जवाब देंगे?

हाँ या ना?

आपका जवाब अवश्य नहीं ही होगा।

क्योंकि

१) चाँद, सूर्य, सितारों की चाल में अगर कुछ अंतर होता हैं तो हमारे पुराने पूर्वज जिस प्रकार से समय का गिनती रखते थे, सेकेंड, मिनट, और घंटों का, आज उसमें अंतर ज़रूर नज़र आता था।

२) उसी प्रकार से आज हम समय का गिनती नही करते, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि आज ६० सेकेंड का एक मिनट होता है तो पहले यह ज्यादा या कम सेकेंड का रहा होगा, बिलकुल नहीं, सारे संसार के देशों में ६० सेकेंड का मिनट और ६० मिनट का घंटा और २४ घंटे एक दिन का होता हैं।

इससे हमें यह ज्ञात हुआ कि ब्रह्माण्ड की रचना करने वाला एक ही हैं। हमेशा से वही ईश्वर एक है। जीवन और मृत्यु का मालिक भी एक है। जिसे हम अल्लाह, विधाता या रचयिता कहते हैं। आदि काल से लेकर अनंत काल तक वही एक है, और वही एक रहेगा।

लगभग सभी आकाशीय ग्रंथों में ईश्वर ने हमको प्रकृती में (प्रकृतिक वस्तुओं में) गहरा विचार करने को कहा है, ताकि हम इस सत्यता को स्वीकार करलें।

पवित्र क़ुरआन के एक श्लोक में अल्लाह कहता है।

फिर क्या वे ऊँट की ओर नहीं देखते कि कैसा बनाया गया? और आकाश की ओर कि कैसा ऊँचा किया गया? और पहाड़ों की ओर कि कैसे खड़े किये गए? और धरती की ओर कि कैसी बिछाई गई?

(पवित्र क़ुरआन 88:17-20)

लेकिन सत्यता यह है कि लोग अज्ञानता के शिकार हो गए हैं। यह अज्ञानता ही है जो लोगों को हर प्रकार के तर्कविहीन एवं आधारविहीन

कियाकलापों के करने की तरफ खींच कर लेजाती है।

मेरे प्यारे मित्रों

में आपसे अनुरोध करता हूँ कि एक बार बल्कि दो बार, तीन बार गौर करें लेकिन स्वयं को सत्यता से दूर न रखें। हमारे पास सोचने के लिए मस्तिष्क है ताकि सत्यता को अपनाएँ इन पवित्र मार्ग दर्शकों द्वारा प्रस्तुत सत्यता पर गौर करें। इनका अध्ययन करें बार-बार पढ़ें और गोर करें। संभव है कि आपके दिमाग में तार्किक प्रमाण बैठ जाए और अन्दर की सत्यता की चिंगारी भड़क उठे।

> सत्यता सर्वदा सफलता तक पहुँचाती है और असत्यता सर्वदा असफलता तक पहुँचाती है। क्योंकि झूठ (असत्यता) की प्राकृतिक रूप से पराजय होती है और सत्यता की विजय होती है।

के एक होने को समझना चाहिए। इस पुस्तिक में लिखित सभी बातें पवित्र ग्रंथों से इकट्ठा किये गये हैं और प्रमाणित हैं।

३ हिन्दु धर्म में ईश्वर की अवधारण

साधारणता से हिन्दु धर्म को बहुत अधिक देवताओं का धर्म समझा जाता है। अधिकांश हिन्दु कई देवताओं पर विश्वास करते हैं। कुछ हिन्दु भाई तीन देवताओं पर विश्वास करते हैं। कुछ तो तैतीस करोड़ देवताओं में विश्वास करते हैं। तथापि शिक्षित हिन्दू वर्ग जो अपने ग्रंथों का अच्छी तरह ज्ञान रखते हैं वह आग्रह करते हैं कि हिन्दु भाइयों को केवल एक ईश्वर की ही उपासना करनी चाहिए।

हिन्दूओ और मुसलमानों के ईश्वर के मानने के संदर्भ में प्रमुख अंतर है। हिन्दुओं का दार्शनिकता में विश्वास है। प्रत्येक जीवित तथा अजीवित वस्तुओं को ईश्वरीय और पवित्र मानते हैं।

अतः सर्वोश्वरवादी वह हर वस्तु को ईश्वर (भगवान) मानता है। वह वृक्षों, सूर्य, चन्द्रमा, बन्दर, साँप यहाँ तक कि मानव को भी ईश्वर का रूप कहते हैं। इसके ठीक विपरीत इस्लाम मानव पर ज़ोर ड़ालता है कि वह स्वयं को तथा आस-पास पायी जाने वाली वस्तुओं को ईश्वर की सृष्टि कहें, ईश्वर नहीं। अतः मुसलमानों का विश्वास है। हर वस्तु ईश्वर की हैं दूसरे शब्दों में मुसलमानों का ईमान है कि हर वस्तु का मालिक अल्लाह (ईश्वर) है। वृक्ष, सूर्य, चन्द्रमा, बन्दर, साँप, मानव तथा संसार की हर वस्तु का मालिक ईश्वर ही है।

अतः हिन्दु और मुसलमानों के विचार में प्रमुख अंतर सिर्फ कि का है। हिन्दु कहते हैं हर वस्तु ईश्वर है। मुसलमान कहते हैं हर वस्तु ईश्वर की है।

हिन्दु वेदों में ईश्वर के संबंध में धारणा वेदों का अध्ययन से हमें हिन्दुत्व में ईश्वर की धारणा का सही ज्ञान हो जाएगा।

भगवत् गीता

हिन्दु धर्म के धार्मिक ग्रंथों में सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ भगवत् गीता है। भगवत गीता के निम्नलिखित श्लोक पर विचार करें।

वह लोग जिनकी बुद्धिमता संसार की भौतिक वस्तुओं की इच्छा द्वारा चोरी कर ली गई। उन्होंने उपदेवताओं के समझ आत्मसमर्पण कर दिया है और विशेष नियमों का अनुसरण और पूजा कि प्रतिबंध को अपनी व्यक्तिगत स्वभावनुसार कर लिया है।

(भगवत् गीता 7:20)

ये श्लोक में, गीता बताती है कि जो लोग सच्चे ईश्वर को छोड़ कर भौतिकवादी उपदेवताओं की पूजा करते हैं।

तीन आत्मघाती दरवाज़ें ऐसे हैं जो नर्क की ओर मार्ग दर्शन करते हैं। वह हैं वासना, क्रोध एवं लोभ, इन तीनों से बचना चाहिए।

(भगवत् गीता 16:21)

भगवत् गीता का निम्नांकित श्लोक साफ-साफ बतलाता है कि ईश्वर के भेजे हुए वेदों का अध्ययन करना चाहिए एवं अपना जीवन ईश्वर के उस आज्ञानुसार व्यतीत करना चाहिए जो कि वेदों में वर्णित है, न कि अपनी इच्छानुसार व्यतीत करना चाहिए।

वह मनुष्य जो वेदों के निषेधाज्ञा का उलंघन करता है और अवास्तिविक रूप से व्यवहार करता है वह कभी भी सम्पूर्ण प्रसन्नता एवं सर्वोच्च लक्षय को पा नही सकता है।

(भगवत् गीता 16:23)

इसलिए कर्तव्याँ से संबंधित वेदों का निषेधाज्ञा और कत्वर्यहीनता सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पूर्व निर्णित है। वेदों के कार्य की योजना की समझकर जो विशेषरूप से ईश्वर के आनन्द के लिए की जाती है ये तुम्हारे योग्य है कि इन शिक्षाओं को प्रयोगात्मक रूप से लागू करें। (भगवत् गीता 16:24)

उपनिषद

हिन्दु उपनिषद को पवित्र ग्रंथ मानते हैं। उपनिषद का निम्नलिखित श्लोक

एकम एवद्वितियम

वह एक है उसका कोई द्वितीय नही है

(छान्दोग्य उपनिषद 6:2:1)

न चास्य कश्चिज्जनिता न चधिपः

उसको न ही पिता है और न ही कोई स्वामी है।

(स्वेतास्वत्र उपनिषद 6:9)

न तस्या प्रतिमा अस्ति

उसकी कोई आकृति नही है।

(स्वेतास्वत्र उपनिषद 4:19)

उपनिषद के निम्नलिखित श्लोक इस बात की ओर संकेत करते हैं कि मानव ईश्वर की कल्पना किसी विषेश रूप में करने के योग्य नहीं है।

न संदृशे तिष्टति रूपमस्या, नचक्षुषापश्यति कश्चनैनम।

उसका रूप अदृश्य है, कोई भी उसे आँखों से नहीं देख सकता है। (स्वेतास्वत्र उपनिषद 4:20)

वेद

वेद हिन्दू धर्म ग्रंथों में सर्वाधिक पवित्र विचार किया जाता है। चार प्रमुख वेद इस प्रकार हैं।

(१) ऋगवेद (२) यजुर्वेद (३) सामवेद (४) अथर्ववेद।

ऋगवेद:

ग्रंथों में प्रचीनतम् ग्रंथ ऋगवेद है। हिन्दु इसे सर्वाधिक पवित्र मानते हैं।

शिक्षित पुजारी एक ईश्वर के कई गुणों में वर्णन करता है।

(ऋगवेद 1:164:46)

ईश्वर के कई गुणों में से एक प्रमुख गुण ब्रह्मा जो किताब २ स्तुति १ श्लोक ३ में वर्णित हैं। ब्रह्मा का अर्थ हैं सृष्टिकर्ता। जिसका अरबी भाषा में अनुवाद खालिक (सृष्टिकर्ता) है। ईश्वर को कोई आपत्ति नहीं है अगर सर्वशक्तिमान ईश्वर को खालिक, सृष्टिकर्ता एवं ब्रह्मा के नाम से उल्लेख करें। तथापि यह कहा जाए कि ब्रह्मा सर्वशक्तिमान ई श्वर है जिसके चार शीर्ष हैं जिन पर एक मुकुट है तो ईश्वर उसे स्वीकार नहीं करेगा और यह सर्वशक्तिमान ईश्वर के कथन का सतप्रतिशत उलंघन करना है।

ऋगवेद का निम्नलिखित श्लोक सर्वोच्च परमात्मा के एक होने तथा गौरव को बतलाता है।

मा सिद अन्यद वी सन्सता सखयो मा ऋषंयता।

हे मित्र, इसके अलावा किसी की भी पूजा न करो जो परमेश्वर है केवल उसी की स्तुतिकरो। (ऋगवेद 8:1:1)

देवस्या समितुक परिश्तुतीह

वास्तव में सृष्टिकर्ता का यश अत्यधिक है। (ऋगवेद 51:81)

हे परमेश्वर, तू सबका मित्र, जो सर्वाधिक पवित्र है, ब्रह्माण्ड का नियत्रक और काबू करनेवाला है। हम पर दयालु होजा, हे सर्वशक्तिमान संसार का स्वामी, जो सब की सहायता करता है। हमें ज्ञान और शक्ति दें। हे सर्वशक्तिमान एवं सर्वस्व, तू हम सब के चारो ओर अपना आशिर्वाद बरसा।

(ऋगवेद 1)

वह एक है परन्तु बुद्धिमान लोग उसे विभिन्न नामोंसे पुकारते हैं। जैसे इन्द्र, मित्र, वरूण, अग्नि, दिव्या (दिव्या उसे कहते हैं जो सभी चमकीले शरीरों मे घुस जाते हैं) प्रकाशपुंज, सुपरना (संसार की सुरक्षा और इसकी देखभाल करने वाला) इत्यादि उसका कार्य बिल्कुल ठीक-ठीक होता है।

(ऋगवेद 1:22:164)

एक अज्ञानी व्यक्ति के पास आँखें हैं परन्तु वह कुछ नहीं देखता है। उसके पास कान हैं परन्तु कुछ नहीं सुनता है, जीभ भी तो है परन्तु कुछ नहीं बोलता है। अज्ञानी शिक्षा के छुपे रहस्य को कभी नहीं समझ सकता है। ज्ञान ज्ञानी पर अपनी प्राकृतिक सत्यता प्रकट करता है। जैसे कि एक स्त्री जो अपने पति से मिलन की इच्छा रखने वाली हो खूब बनाव श्रंगार करती है ताकि अपनी सुन्दरता और खिंचाव पति के लिए प्रकट कर सके। (ऋगवेद 10:17:4)

वेद उसे क्या लाभ पहुँचा सकती है जो महान हस्ती को नहीं जानते हैं जो सर्वव्याप्त और अनंत है। सर्वाधिक पवित्र जो सूर्य एवं पृथ्वी को काबू में रखनेवाला है।

वह अधर्मी, कम बुद्धि रखने वाला तथा पीड़ा व संकट की गहराइयों में निरन्तर धसनेवाला है जो इस हस्ती पर विश्वास नहीं रखता है और न ही उसे जानता है और न ही उसके नाम से प्रारंभ करता है,

जो हस्ती ज्योतिर्मय (बहुत चमकीला) सर्व पवित्र, सर्वज्ञानी सूर्य, पृथ्वी एवं दूसरे ग्रंथों को बरकरार रखने वाला, जो इथर के समान सर्वव्याप्त है। जो उन देवताओं का भी स्वामी है जो वस्तुओं को प्रकाशित करने और व्याख्या करने में सक्षम है। सिर्फ ईश्वर के ज्ञान तथा ध्यान से हर मानव को सच्चा सुख प्राप्त हो सकता है।

(ऋगवेद 1:164:39)

हे मानव, सर्वोच्च आत्मा, (जो प्रत्येक प्रकाशित पिंडों का सहारा है) से प्रेम करो तथा उसी की उपासना करो। एक परमेश्वर जिसका कोई दूसरा नहीं है। वर्तमान तथा भविष्य संसार का स्वामी है। जो संसार सृष्टि से पहले से मौजूद था और हर उस वस्तू का बनानेवाला है जो पृथ्वी और आकाश के बीच अंतरिक्ष में मौजूद है।

(ऋगवेद 10:121:1)

क्या आप को पता है कि मानव दो प्रकार के होते हैं– एक आर्य दूसरा दस्यू।

धर्मपरायण, ज्ञानी, अस्वार्थी, कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति को आर्य कहा जाता है जबकि विपरीत आचरण वाले को दस्यू कहा जाता है। विपरीत आचरण जैसे डकैत, कमीना, बेइन्साफ तथा अधर्मी इत्यादि होना।

(ऋगवेद 1:51:8)

जिस तरह ईश्वर ने सूर्य, चंद्रमा, पृथ्वी, दूसरे ग्रह तथा पहले की वस्तुओं को पैदा किया इसी तरह उसने वर्तमान सृष्टि को भी पैदा किया। (ऋगवेद 10:190)

हे परमेश्वर, तू ही ब्रह्माण्ड तथा वेदों की सुरक्षा करनेवाला है और सर्वशक्तिमान की कला और प्रकृति में पवित्रता उस मानव आत्मा के द्वारा नहीं पहुँच सकती जो ज्ञान के नियंत्रण के द्वारा शुद्ध नहीं हुई है। (ऋगवेद 9:83:1)

हिन्दुत्व का ब्रह्मसूत्र

हिन्दूओं का ब्रह्मसूत्र है।

एकम ब्रहम द्वितीय नास्ते नेह ना नास्ते किंचन

एक ही ईश्वर है, दूसरा नही है, बिल्कुल नहीं है, बिल्कुल नहीं है, है ही नही (ऋगवेद समहिता जिल्द 9 सफ 2810 और 2811 लेखक स्वामी सत्य प्रकाश सरस्वती, और सत्याकम विध्यालंकर)

(ऋगवेद समहिता जिल्द 6 सफ 1802 और 1803)

ऋगवेद का उपरोक्त मंत्र स्पष्ठ रूप से बतलाता है कि एक सत्या ईश्वर के सिवा कोई दूसरा नहीं है जिसने इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सृष्टि की है। इसी कारण हमें सत्य ईश्वर के स्थान पर किसी दूसरे की उपासना करने के पश्चात गंभीरता से सोचना चाहिए।

अगर हम वह कार्य करते हैं जो पूरे तौर पर ईश्वर के भेजे हुए ग्रंथों के विरुद्ध है तो कैसे हम सोच सकते हैं कि हम सही मार्ग पर हैं और हमें मोक्ष की प्राप्ती हो जाएगी। इस प्रकार, हिन्दु धर्म में ग्रंथों का पक्षपात हीन ढंग से अध्ययन ही किसी व्यक्ति को हिन्दु धर्म में ईश्वर की अवधारण के समझने में सहायक हो सकता है। यजुर्वेद का निम्नलिखित श्लोक भी ईश्वर के धारण को दोहराता है। सर्वशक्तिमान ईश्वर के समान किसी मूर्ती का बताना यजुर्वेद की शिक्षा के बिल्कुल विपरीत है।

न तस्या प्रतिमाः अस्तिः

उसकी कोई आकृति नहीं है। (ऋगवेद 32:3)

ईश्वर का और एक सुन्दर गुण **विष्णु** है जो ऋगवेद में वर्णित है ऋगवेद के किताब 2 स्तुति 1 श्लोक 3)। **विष्णु** का अर्थ पालनहार है। अरबी में इसका अनुवाद रब से किया गया है। पुनः

ईश्वर को कोई आपत्ति नहीं है चाहे उसे रब से बुलाया जाए या पालनहार से या विष्णु के नाम से पुकारा जाए। परन्तु हिन्दुओं के बीच विष्णु की जो लोकप्रिय आकृति है कि वह भगवान है जिसके चार हाथ है, दायें हाथ में एक चक्र पकड़े हुए हैं, बायें हाथ में शंख है, एक पक्षी पर सवार हैं या साँप पर बैठे हुए हैं। जो लोग ईश्वर की आकृति बनाते हैं ईश्वर उन्हें कभी नहीं क्षमा करेगा जैसा कि अभी-अभी उल्लेख किया गया है। यह स्वेतस्वत्र उपनिषद पाठ **4** श्लोक **19** में कहे गये कथन के विपरीत है।

न तस्या प्रतिमाः आस्तिः

उसकी कोई आकृति नहीं है।

शुद्धमा पोपविद्धम

वह शरीर विहीन एवं पवित्र है। (यजुर्वेद 40:8)

अन्धात्मा प्रविशन्ति ये असम्भुति मुपस्ते

जो प्राकृतिक वस्तुओं की पूजा करते हैं वे अंधकार में प्रवेश कर जाते हैं। वे अंधकार की गहराई में डूब जाते हैं जो सम्भुति की उपासना करते हैं। सम्भुति का अर्थ है बनायी हुई वस्तु जैसे टेबल, कुर्सी, मूर्ती इत्यादि।

(यजुर्वेद 40:9)

वह भूमि का पैदा करने वाला है जो सभी का निवास स्थान है।

(यजुर्वेद 13:18)

तब विराट बनाया गया।

तब भूमी बनायी गई। (यजुर्वेद 31)

प्रारंभ में हिरन्यागर्भ्य, सृष्टि का एक स्वामी था, जो सूर्य तथा पृथ्वी का पालनहार है। हम उसी की वन्दना करते हैं जो धन्य है। (यजुर्वेद 13:4)

गायत्री मंत्र

ओम भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं। भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्।

हे स्वामी, मानवीकरण का सच्चा अस्तित्व, बुद्धि, परम सुख है सत्य अस्तित्व के रूप सर्वदा रहनेवाला (अमर) पवित्र, सर्वाधिक बुद्धिमान, सर्व दा रहनेवाला तू पैदा नहीं हुआ, बगैर किसी विशेष चिन्ह और संगठन के सवस्य ब्रह्माण्ड का पालनहार तथा शासक है, हर सनातन का पालनहार, ब्रह्माण्ड का संरक्षक तथा सुरक्षा करने वाला है, सर्वव्याप्त आत्मा है दया के सागर तेरी कला सृष्टि का जीवन है तेरी कला सब परमसुख में रहे हमारे पीड़ा तथा दुख को दूर करता है। तू ब्रह्माण्ड का पालनहार है, सब का सृष्टिकर्ता हमें पवित्र पूजनीय प्रकृति पर विचार करने वाला बना ताकि तू मेरी समझ का मार्ग दर्शन करे। तू हमारा ई श्वर है। तू केवल पूजनीय तथा उपासना के योग्य है। तेरे सिवा कोई नहीं है जो तेरे समान हो या तुझ से ऊपर हो। तू अकेले हमारा सृष्टिकर्ता, शासक, तथा न्यायधीश है। तू अकेले प्रसन्नता प्रदान करता है। (यजुर्वेद 36:3)

मेरे प्रिय मित्रों।

वेद के उपरलिखित पंक्ति में सर्वशक्तिमान ईश्वर के संबंध में साफ-साफ, विशेष रूप से बतला दिया गया कि केवल एक ही ईश्वर है और उसके समान कोई नहीं है। हमें सिर्फ उसी की उपासना करनी चाहिए। यहाँ मै आपको उपर वर्णित गायत्री के संबध में समझाना चाहता हूँ। यह वास्तव में वेद का एक श्लोक है।

(यजुवेद पाठ 36 श्लोक 3) गायत्री संस्कृत शब्द है जो दो मूल शब्द गाया तथा अत्री, से निकला है। गाया उस ध्वनि को कहते हैं जो गला से निकलती है। अत्री का अर्थ है वन्दना।

इस प्रकार **गायत्री का अर्थ हुआ अपने गला द्वारा मंत्र पढ़ कर ईश्वर की वन्दना करना** इस मंत्र में ईश्वर इस सत्यता का ऐलान कर रहा है कि उसके लिए कोई विशेष चिन्ह नहीं है। परन्तु लोगों के पास इतना समय नहीं है कि इस सच्चाई को जानें। लोग अब भी गायत्री से एक स्त्री के रूप की कल्पना करते हैं। और उसकी पूजा भी करते हैं। लेकिन अगर वास्तव में वह उपदेवी है अर्थात सत्य परमेश्वर के अतिरिक्त एक परमेश्वर है। तो ऐसा संभव ही नही है।

सर्वशक्तिमान ईश्वर कैसे लोगों के द्वारा की गई अपनी इस निन्दा को क्षमा करेगा?

एक सर्वशक्तिमान शासक द्वारा यह ब्रह्माण्ड फैलाया है। यहाँ तक कि हर संसार जो प्रकृति के सम्पूर्ण मंड़ली में है। वही सच्चा ई श्वर है उस से डरो, हे मानव, किसी जीवित प्राणी की सम्पत्ति का अन्यायपूर्वक लोभ न करो, अन्याय को छोड़ दो और खूब आनंद उठाओ। (यजुर्वेद 40:1)

हे मानव, वह ईश्वर ब्रह्माण्ड के निर्मान से पहले से मौजूद है। वह सृष्टिकर्ता, मददगार, सूर्य तथा दूसरे प्रकाशित पिण्ड़ों का पालनहार है। वह पिछले सृष्टि का प्रभु है। वह वर्तमान का ईश्वर है। वह अजनित ब्रह्माण्ड का भी ईश्वर होगा। उसने सम्पूर्ण संसार को पैदा किया और उसको थामे हुए है। वह सनातन मोक्ष है। सब उसकी प्रशंसा तथा पुजा करें जैसा कि हम करते हैं। (यजुर्वेद 13:4)

वह शरीरवाला कभी नहीं था न ही वह कभी पैदा हुआ, वह कभी भी विभाजन के योग्य नहीं है। तंत्रिकाओं अथवा धमनी पद्धतियों से स्वतन्त्र है वह कभी नहीं पाप करता है न ही उसको कभी पीड़ा न दुख, न अज्ञानता न ही इस जैसी कोई और चीज़ होती है। (यजुर्वेद 30:8)

ब्रह्माण्ड का महान शासक वह स्वयं स्तित्व, सर्वव्यापी पवित्र, अनंत एवं आकारविहीन, वह अनंत से अपने अधीनो को उपदेश देता

रहा है, वह अमरशील आत्मा है, वेदों के द्वारा उनकी भलाई के लिए हर प्रकार का ज्ञान देता है। (यजुर्वेद 40:8)

हे मानव, सर्वव्याप्त अकेले प्रकृति का स्वामी, संसार का भौतिक कारण एवं आत्मा दोनों से भिन्न है। ब्रह्माण्ड (भूत वर्तमान, तथा भविष्य) का रचयिता है। वह सर्वेच्च आत्मा जिसने हर वस्तु की रचना की तथा उसका पालनहार है। (यजुर्वेद 21:2)

ईश्वर जिसने प्रकाशित शरीर (उदाहरणस्वरूप सूर्य) तथा अप्रकाशित शरीर (जैसे पृथ्वी) की रचना की, तथा इन का पालनहार है। (यजुर्वेद 13:4)

पृथ्वी अपने सम्पूर्ण जल के साथ सूर्य के चारों ओर घूमती है। (यजुर्वेद 33:43)

आकारविहीन सर्वेच्च आत्मा जो ब्रह्माण्ड में सर्वव्याप्त है एवं वह कोई भौतिक प्रतिनिधित्व समानता या आकृति नहीं रखता है। (यजुर्वेद 32:3)

हे स्वामी, जो गौरवशाली, अपनी कृपा द्वारा मुझे तत्काल ही ऐसी बुद्धिमता दे जिसकी प्रार्थना बुद्धिमान, ज्ञानी तथा योगी करते हैं। (यजुर्वेद 32:14)

तुम प्रकाश हो मुझ पर कृपा कर और इस प्रकाश को मेरे हृदय में ड़ाल दे, तेरी शक्ति असिमित तथा कभी समाप्त न होने वाली है। तू मुझे भी कभी समाप्त न होने वाली शक्ति दे। तेरी उर्जा अनंत है अतः मुझे भी अनन्त उर्जा दे। तेरा प्रभाव अनन्त है, तू मुझे भी अनन्त प्रभाव दे। तुम दुर्जन के लिए अति क्रोधित हो, मुझको भी दुर्जन के लिए अति क्रोधित बना दे। न तू बुरा कहने से प्रभावित होता है और न ही वन्दना करने से। तू जिस तरह अपने विरोधी के लिए बोझ हो हमें भी बोझ बना दें। (यजुर्वेद 20:9)

हे दया के सागर, अपनी कृपा से मेरे उस दिमाग को जो जागने की दशा में लम्बी-लम्बी दूरी तय करता है और करोड़ो गुण रखता है जो स्वयं उसी मस्तिष्क को जो अनुभव का स्त्रोत है निन्द्रा अवस्था में गहरी नींद पाता है और स्वप्न में भिन्न-भिन्न स्थानों पर घुमता है और शुद्ध विचारों का आनन्द अपनी भलाई के लिए और साथ-साथ दूसरे जीवधारी की भलाई के लिए लेता है। और वह कभी किसी को घायल करने की इच्छा नहीं करता है। (यजुर्वेद 34:1)

हे मेरे स्वामी, मेरा मस्तिष्क जो सर्वाधिक ज्ञान के खज़ाने को जमा करने वाला है। जागरूकता तथा न्याय, स्मरण का प्रकाश और अमर है। मस्तिष्क जिसके बिना मनुष्य शक्तिहीन है मस्तिष्क के बिना मनुष्य कुछ नहीं कर सकता है। (यजुर्वेद 34:3)

यजुर्वेद का निम्नलिखित श्लोक प्रार्थना पर इस प्रकार रोशनी ड़ालता है।

हमें अच्छा मार्ग दिखा और ऐसे पाप से दूर रख जो हमें (सीधे मार्ग से)विचलित तथा बहका दे।

(यजुर्वेद 40:16)

देवी चन्द के द्वारा लिखित यजुर्वेद समहीता पृष्ठ संख 377

समहीता रल्फ टी एच ग्रिफिथ 538

ऊपर लिखित श्लोक जैसी प्रार्थना को पवित्र कुरआन अपने पहले पाठ में इस प्रकार उजागर करता है।

हमें सीधे मार्ग पर चला। उन लोगों के मार्ग पर जो तेरे कृपापात्र हुए, जो न प्रकोप के भागी हुए और न पथभ्रष्ठ।

(पवित्र कुरआन 1:6,7)

सामवेद

हम तेरे समक्ष झुकते हैं, हे प्राणा-जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को काबू में

रखता है तथा उसपर शासन करता है। जैसे कि शरीर के भीतर महत्वपूर्ण शक्ति सम्पूर्ण शारीरिक किया को काबू में रखती है और उस पर शासन करती है। (सामवेद 7:3:8:16:2:3:2)

यही अथर्वेद में इस प्रकार कहा गया है:

अथर्ववेद

अथर्ववेद ईश्वर की वन्दना इस तरह करता है।

देवी महा ओसी

वास्तव में ईश्वर महान है। (अथर्ववेद 20:58:3)

वह इन्द्र (सर्वशक्तिमान) है। (अथर्ववेद 11:2:1)

ईश्वर वह है जो समय से प्रभावित नहीं होता है और वह अमर है जो सूर्य, पृथ्वी तथा दूसरे ग्रहों को काबू में रखता है। (अथर्ववेद 14:1:1)

सूरज द्वारा जिस तरह मानव प्रकाशित हो जाता है इसी तरह दूसरे ग्रह (जैसे पृथ्वी) भी सूर्य की धूप से प्रकाशित हो जाते हैं। (अथर्ववेद 14:1)

४ सूप्रभातम का अर्थ

कौशल्या सुप्रजा रामा।
हे रामा, कौसल्या के सुपुत्र
पूर्व संध्या प्रवर्तते।
उषा आलोक काल पूर्व में हो रहा हैं
उत्तिश्टा नरसार्दूल।
हे पुरूषों में सर्वश्रेष्ट पुरूषोत्तम उठिये
कर्तव्यं दैवमान्विकम।
ईश्वर की उपासना करना तुम्हारा कर्तव्य है

मेरे प्रिय मित्रों,

ऊपर सुप्रभातम की पंक्तियों को हम सभी जानते हैं परन्तू इसका अर्थ हम में से अधिकतर को पता नहीं है। ऊपर लिखित सुप्रभातम तथा उसके अर्थ पर यदि हम सोच व विचार करें और ध्यानपूर्वक पढ़ें तो हमें साफ–साफ इस बात का ज्ञान हो जाएगा कि राम एक मनुष्य थे जो कौशल्या से पैदा हुए और वह स्वंय सूर्योदय के पश्चात् प्रति दिन सर्वशक्तिमान ईश्वर की अराधना किया करते थे।

यदी हम वास्तव में राम से प्रेम करते है और हम राम का अनुसरण करना चाहते हैं तो हम भी उसी ईश्वर की उपासना करें जिस की राम ने सम्पूर्ण जीवन उपासना की है।

उपनिषद का निम्नलिखित श्लोक बतलाता है कि ईश्वर का कोई पिता नहीं है। इस प्रकार राम सर्वशक्तिमान ईश्वर नहीं हो सकता है जब कि वह (राम) उस सर्वशक्तिमान ईश्वर के लिए दैनिक ईश्वरीय धार्मिक कार्य किया करते थे जिसने हम सब की रचना की है।

उसके न ही पिता है और न ही स्वामी है।

(स्वेतास्वत्र उपनिषद 6:9)

५ साई बाबा की शिक्षा

साई बाबा पूरे जीवन में नित्य तीन मन्त्रों को पढ़ा करते थे।

सबका मालिक एक है।

अल्लाह मालिक।

अल्लाह भला करेगा।

मेरे प्रिय मित्रों,

साई बाबा एक फकीर एवं पक्के मुसलमान थे। वह नियमित रूप से दैनिक प्रार्थना किया करते थे। वह क़ुरआन पढ़ते, उपवास रखते तथा निर्धनों को दान करते थे।

साई बाबा सुबह सवेरे उठा करते थे तथा सर्वप्रथम प्रार्थना में सम्मिलित होते थे।

(साई बाबा द मास्टर लेखक आचार्य ई भारद्वाज पृष्ठ सं 139

साई बाबा स्वयं कहते थे।)

मै ईश्वर का भक्त हूँ। ईश्वर ही स्वामी एवं मालिक है।

(साई बाबा द मास्टर लेखक आचार्य ई भारद्वाज पृष्ठ सं 228)

साई बाबा लोगों को ईश्वर को जपने तथा क़ुरआन पढ़ने का निर्देश देते रहते थे।

साई बाबा स्वच्छ रूप से कहा करते थे कि अल्लाह के सिवा कोई नहीं है। अल्लाह निर्धनों का संरक्षक है। उसके सिवा कोई नहीं है।

(साई बाबा द मास्टर लेखक आचार्य ई भारद्वाज पृष्ठ सं 235)

साई बाबा स्वयं कहते थे कि वह अल्लाह के बन्दे हैं।)

वह किसी के भक्त नहीं है वह केवल अल्लाह के भक्त हैं।

अल्लाह का नाम सनातन है, अल्लाह सर्वोसर्वा है।

(साई बाबा द मास्टर लेखक आचार्य ई भारद्वाज पृष्ठ सं २३६)

साई बाबा के संबंध में इन सभी सत्यता को जान लेने के बाद कैसे अब हम अल्लाह को छोड़ कर उनकी पूजा कर सकते हैं। यदी हम साई बाबा से वास्तव में प्रेम करते हैं तो हमें उनकी शिक्षा का अनुसरण करना चाहिए और इसी तरह अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए जिस तरह साई बाबा ने अपना जीवन व्यतीत किया है। यदी साई बाबा ई श्वर होते तो वह यह कहते कि **सबका मालिक मैं हूँ** , लेकिन यह बात उन्हों ने पूरे जीवन में कभी नहीं कही।

६ ईसाई मज़हब में ईश्वर का उल्लेख

